JPST-BDGTOMISC/11/2026-BDGT-UPST 1/618959/2026

पत्रांक–अपर आयुक्त–कैम्प–36–मु०व्या०दु०बी०यो० / (बाधित अवधि)/ 102 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(अपर आयुक्त कैम्प)
लखनऊ // दिनाँक // 02.06.2026

अपर आयुक्त, राज्य कर, गौतमबुद्धनगर/ कानपुर
समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

विषय– CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर मासिक रैन्किंग एवं डाटा की गुणवत्ता(DQI) का परीक्षण कराए जाने एवं कमी पाए जाने पर सुधार किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया शासन के पत्र संख्या-1/1338775/2026/11-4099/16/2026 दिनांक 22-05-2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर मासिक रैन्किंग एवं डाटा की गुणवत्ता(DQI) का परीक्षण कराए जाने एवं कमी पाए जाने पर सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये है।

तत्क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्रातीशीघ्र करने का कष्ट करें, ताकि CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर विभाग की मासिक रैन्किंग में सुधार आ सके तथा विभाग को प्राप्त होने वाले नम्बरों में बढ़ोत्तरी हो सके।

Digitally signed by
DHANANJAY SHUKLA
Date: 01-06-2026
19:29:46
(धनन्जय शुक्ला)
अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त:–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– संयुक्त आयुक्त(आई०टी०) राज्य कर, मुख्यालय को नोटिस बार्ड पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।
2– समस्त संयुक्त आयुक्त(कार्य०) राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त खण्डाधिकारी, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

879

श्रीमती पूर्णिमा
कृपया आवश्यक कार्यवाही करें।
3/6/26
उपायुक्त ... राज्य कर,
दिनांक 03-06-26

प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

संख्या- I/1338775/2026 /11-4099/16/2026

प्रेषक,

अरविन्द सिंह,
उप सचिव
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
राज्य कर
उ०प्र० शासन।

राज्य कर अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांकः 22-05-2026

विषयः-CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर मासिक रैन्किंग एवं डाटा की गुणवत्ता (DQI) का परीक्षण कराए जाने एवं कमी पाए जाने पर सुधार किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन के पत्र संख्या-513/चौबीस-लो०शि05/2026-10 लो०शि0/2023 टी०सी० दिनांक 12.05.2026 **(छायाप्रति संलग्न)** का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं योजनाओं/परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे योगदान/प्रदर्शन का अनुश्रवण मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर से किए जाने हेतु विकसित CM-डैशबोर्ड पर मासिक रैन्किंग एवं डाटा की गुणवत्ता (DQI) का परीक्षण कराए जाने एवं कमी पाए जाने पर सुधार हेतु समुचित कार्यवाही कराए जाने की अपेक्षा की गई है।

2- इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय के उक्त पत्र दिनांक 12.05.2026 मे की गयी अपेक्षानुसार CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर मासिक रैन्किंग एवं डाटा की गुणवत्ता (DQI) का निरन्तर परीक्षण एवं अनुश्रवण कराते हुये कमी पाए जाने पर सुधार हेतु समुचित कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
ARVIND SINGH
Date: 22-05-2026
13:15:23

(अरविन्द सिंह)
उप सचिव।